हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय,
प्रवेश परीक्षा अनुभाग

दिनांकः 30–8–2016

प्रेस नोट

बीएससी नर्सिंग तथा पोस्ट–बेसिक बीएससी नर्सिंग पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए द्वितीय चरण की काऊँसलिंग के शैडयूल में परिवर्तन हेतु सूचना।

सभी सम्बन्धित अभ्यर्थियों के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि बीएससी नर्सिंग तथा पोस्ट–बेसिक बीएससी नर्सिंग पाठयक्रमों में रिक्त सीटों के अन्तर्गत प्रवेश हेतु द्वितीय चरण की काऊँसलिंग क्रमशः दिनांक 2–9–2016 तथा 3–9–2016 को निर्धारित की गई थी, जिसके शैडयूल में प्रशासनिक कारणों के दृष्टिगत परिवर्तन किया गया है । अब उक्त पाठयक्रमों के लिए काऊँसलिंग संयुक्त रूप से एक ही दिन दिनांक 16 सितम्बर 2016 समय 10 बजे को विश्वविद्यालय के सभागार शिमला में आयोजित की जायेगी । जिन प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों को उक्त बीएससी नर्सिंग तथा पोस्ट–बेसिक बीएससी नर्सिंग की काऊँसलिंग के लिए बुलाया जायेगा उनकी सूची विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर दिनांक 13–9–2016 को अपलोड कर दी जायगी । अभ्यर्थी अपना नाम उक्त उक्त सूची में देखें और उसके अनुसार काऊँसलिंग के लिए दिनांक 16–9–2016 को विश्वविद्यालय के सभागार में उपस्थित होने की कृपा करें । विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यर्थियों को काऊँसलिंग के लिए अलग से कोई बुलावा–पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जायेगें । इस सम्बन्ध में किसी भी जानकारी के लिए अभ्यर्थी दूरभाष 0177–2830891 तथा 0177–2833588 पर सम्पर्क कर सकते हैं ।

(डा. जे.एस. नेगी)
कुलसचिव

पृष्ठाकंन संख्याःएचपीयू.(बीएससी–नर्सिंग)ईटी / 2016 दिनांकः 29–8–2016

प्रतिलिपिः–

1. जन–सम्पर्क अधिकारी, हि.प्र.वि. शिमला–5 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
2. निदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, हिमाचल प्रदेश शिमला–9 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
3. सचिव माननीय कुलपति, हि. प्र. वि. शिमला ।

4. वरिष्ठ निजी सचिव कुलसचिव, हि. प्र. वि. शिमला।
5. वरिष्ठ निजी सचिव, कुलसचि/परीक्षा नियन्त्रक, हि. प्र. वि. शिमला ।
6. प्रभारी, बी.टैक संगणक केन्द हि. प्र. वि. शिमला को इस निर्देश के साथ कि वह उक्त प्रेस नोट को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपनोड करें ।

उप–कुलसचिव(प्रवेश परीक्षा)